बिहार सरकार का बड़ा ऐलान, प्रत्येक किसान परिवार को मिलेंगे 3500 रुपए

चर्चा में क्यों?

22 अक्तूबर, 2022 को राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस वर्ष सूखे का सामना कर रहे ज़िलों के प्रत्येक किसान परिवार को 3500 रुपए देने का फैसला किया है। सरकार के आदेश के मुताबिक किसानों के खाते में ये राशि छठ त्योहार से पहले भेज दी जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा जानकारी के मुताबिक, राज्य के 11 सूखाग्रस्त ज़िलों के 96 प्रखंडों की 937 पंचायतों के 7841 राजस्व ग्रामों एवं इसके अंतर्गत आने वाले सभी गाँव, टोलों तथा बसावटों के सभी प्रभावित परिवारों को विशेष सहायता के रूप में 3500 रुपए उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किये जा रहे हैं। कोई भी प्रभावित परिवार छूटे नहीं, अधिकारियों को इसका ध्यान रखने को कहा गया है।
- विदित है कि इस साल उत्तर भारत के कई राज्यों में कम वर्षा के चलते किसानों पर सूखे की मार पड़ी है। बिहार भी इससे अछूता नहीं है। समय से वर्षा नहीं होने के चलते एक तो धान की बुवाई में देरी हुई थी, वहीं दूसरी तरफ जिन लोगों ने किसी तरह से धान की बुवाई कर भी दी तो फसल सूख जाने की वजह से उनकी उपज पर मार पड़ी है। ऐसे में कई परिवारों के सामने जीवनयापन का संकट आ गया है। ऐसे में बिहार सरकार का ये फैसला उनके राज्य के किसानों के लिये राहत लेकर आया है।
- बिहार के साथ ही उत्तर प्रदेश के भी 62 ज़िलों को सूखे की मार झेलनी पड़ी थी। यहाँ भी किसानों की उपज बुरी तरह से प्रभावित हुई है। किसानों को नुकसान से उबारने के लिये अब सरकार दलहन-तिलहन के बीजों को मुफ्त में बाँट रही है। वहीं, राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों में किसानों पर सूखे की मार पड़ी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/big-announcement-of-bihar-government-every-farmer-family-will-get-rs-3500